**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 22.09.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिपुरा और अरूणाचल प्रदेश में विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। स्थानीय व्यापारियों के साथ जी एस टी सुधारों पर भी चर्चा की।
- दक्षिण अंडमान की जिला योजना समिति की बैठक स्थगित। अब सात अक्टूबर से होगी बैठक।
- अंडमान निकोबार में चला तटीय स्वच्छता का महाअभियान। स्वयं सेवकों ने सत्ताईस सौ किलों से ज्यादा समुद्री कचरा और प्लास्टिक साफ किया।
- आकाशवाणी और दूरदर्शन में कल से हिन्दी पखवाड़ा का होगा शुभारंभ।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दोपहर बाद त्रिपुरा में प्रसाद योजना के तहत माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने मंदिर परिसर में पूजा–अर्चना की और मंदिर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जो मंदिर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है। इस अवसर पर जमातिया होदा समुदाय के कलाकारों ने भक्ति गीतों के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इसके पहले प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर पहुंचें जहाँ उन्होंने स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों से मुलाकात की। उन्होंने क्षेत्रीय उत्पादों जैसे सुगंधित चाय, अचार, हल्दी, बेकरी उत्पाद और हस्तशिल्प की एक जीवंत श्रृंखला को भी देखा। प्रधानमंत्री ने जीएसटी सुधारों की सराहना की और कहा कि इन सुधारों से कृषि, मत्स्य पालन और अन्य स्थानीय उद्यमों को लाभ होगा। अरुणाचल प्रदेश में पांच हजार एक सौ करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ भी किया। इसमें शि योमी जिले में दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं और तवांग में एक आधुनिक कन्वेंशन सेंटर की आधारशिला वर्चुअल माध्यम से रखी गई। उन्होंने तवांग में बनने वाले कन्वेंशन सेंटर को राज्य के पर्यटन विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। ईटानगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश को "देशभक्ति के उफान की भूमि" बताया।

**<><><><><><><>**

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार आज से लागू हो गए हैं। नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से

सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

<><><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले (कैम्पबेल बे राजस्व क्षेत्र सहित) की जिला योजना समिति की बैठक, जो दक्षिण अंडमान के जिला परिषद की अध्यक्षता में आज से शुरू होनी थी, अब प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दी गई है। यह बैठक अब पुनर्निर्धारित की गई है और अध्यक्ष, जिला परिषद ने इसे सात, आठ और नौ अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया है।

<><><><><><><><><>

स्वच्छ भारत और पुनीत सागर अभियान के तहत, अण्डमान निकोबार कमांड के तहत तटरक्षक क्षेत्र मुख्यालय द्वारा अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में एक विशाल तटीय सफाई अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई के अवसर पर आयोजित किया गया। इस सफाई अभियान में डिगलीपुर, मायाबंदर, श्री विजयपुरम, हटबे, कमोर्टा, कार निकोबार और कैम्पबेल बे जैसे स्थानों पर सफाई की गई। श्री विजयपुरम के वंडूर और कोर्बाइन्स कोव बीच पर सफाई अभियान सुबह आठ बजे शुरू हुआ। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदूषण–मुक्त समुद्री पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना, स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देना, सिंगल–यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को रोकना और वनस्पति कटाई एवं समुद्र तट क्षरण जैसे पर्यावरणीय मुद्दों को उजागर करना था। अभियान में लगभग ढाई हजार स्वयं सेवकों ने भाग लिया, जिनमें तटरक्षक कर्मी, छात्र–छात्राएं, एन सी सी कैडेट्स, एन जी ओस और पर्यावरण प्रेमी शामिल थे। इस सफाई के दौरान लगभग एक हजार छह सौ तीस किलोग्राम समुद्री कचरा और एक हजार एक सौ तीस किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्र किया गया।

<><><><><><><><><>

आकाशवाणी एवं दूरदर्शन श्री विजयपुरम में कल से हिन्दी पखवाड़ा का संयुक्त शुभारंभ प्रातः ग्यारह बजे किया जाएगा। इस अवसर पर श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अधीक्षण अभियंता अविनाश कुमार सिंह मुख्य अतिथि होंगें। समारोह के पहले दिन स्व रचित कविता पाठ का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रशासन द्वारा आज हिन्दी पखवाड़ा–दो हजार पच्चीस के अंतर्गत हिन्दी टीप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता राजभाषा विभाग के हिन्दी टंकण प्रशिक्षण केन्द्र

में अण्डमान निकोबार प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों के लिए आयोजित की गई। चौबीस सितंबर को पूर्वाह्न दस बजे "वाकपटुता प्रतियोगिता" का आयोजन मुख्यालय क्षेत्र के कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय "डिजिटल युग में हिन्दी की शक्ति" है। इन आयोजनों का उद्देश्य हिन्दी भाषा के प्रचार और विद्यार्थियों में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रशासन द्वारा चौदह से अटठाईस सितंबर तक "हिन्दी पखवाड़ा" मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत छब्बीस सितंबर को सचिवालय के सभागार में राजभाषा से सम्बद्ध नोडल अधिकारियों और हिंदी डीलिंग असिस्टेंट्स के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक होगी। सचिव (राजभाषा) इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी।

<><><><><><><>

एक सौ आठ माउंटेन ब्रिगेड द्वारा कल सुबह साढ़े नौ बजे से एक बजे तक चिनथे लॉन्ग रेंज पर छोटे हथियारों की फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। फायरिंग अभ्यास के दौरान नागरिक अभ्यास क्षेत्र से दूरी बनाए रखें।

<><><><><><><>